**तत्काल / तिथीबद्व**

प्रेषक

निदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला।

सेवा में

राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

यादी क्र0 17/2 –2018 प्रशा0 ( 4 )
दिनांक 13–04–2023

**विषय :–** **Online filling of Property Returns.**

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के पत्र यादी क्रमांक 17/2–2018 प्रशासन (4) दिनांक 18–03–19 एवं 30–09–2022 के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में संदर्भित पत्रो के तहत आपको हरियाणा सरकार से प्राप्त पत्र क्रमांक 18/1–2018–2 जी0एस0–1 दिनांक 29–10–2018 की प्रति भेजते हुए अनुरोध किया गया था कि अपने अधीनस्थ श्रेणी I, II, एवं III के सभी सरकारी कर्मचारियों की वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 की Property Return आन–लाईन भरवाना सुनिश्चित करें। परन्तु कुछ कर्मचारियों द्वारा Property Return अभी तक भी आन–लाईन नहीं भरी गई है।

इस बारे आपको पुनः लिखा जाता है कि आपके अधीनस्थ श्रेणी I, II, एवं III के जिन सरकारी कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 की Property Return अभी तक नहीं भरी गई है, तथा वर्ष 2022–23 की **Property Return website http://intrahry.gov.in पर दिनांक 30–04–2023 तक भरवाना सुनिश्चित करें।** इस बारे निदेशालय को यह प्रमाण पत्र भी भेजें, कि आपके जिले में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की Property Return भरनी लम्बित नहीं है, ताकि सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकें। अगर किसी कर्मचारी द्वारा Property Return न भरने के कारण उसका वेतन रूकता है, तो उसके लिए वह स्वंय जिम्मेवार होगा।

**कृप्या इसे उच्च प्राथमिकता देने का कष्ट करें।**

**सहायक निदेशक कम–नोडल अधिकारी**
**(आनलाईन संपति रिटर्न के उद्धेश्य के लिए)**
**कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।**

**पृष्ठांकन क्रमांक –सम–** **दिनांक, पंचकूला 13–04–2023**

इसकी प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सहायक/निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
2. आई0 टी0 सैल (मु0) को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए।

**सहायक निदेशक कम–नोडल अधिकारी**
**(आनलाईन संपति रिटर्न के उद्धेश्य के लिए)**
**कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।**